आ दरश दिखा दे मेरी माँ तुझे तेरे लाल बुलाते हैं

आ दरश दिखा दे मेरी माँ तुझे तेरे लाल बुलाते हैं - २
तुझे रो रो पुकारे मेरे नैन - २
तुझे तेरे लाल बुलाते हैं....
आ दरश दिखा दे मेरी माँ तुझे तेरे लाल बुलाते हैं - २ ॥

आँखों के आंसू सूख चुके माँ, अब तू दरश दिखा दे,
कब से खड़ा माँ दर पे तेरे, मन की तू प्यास बुझा दे ।
तेरी लीला निराली मेरी माँ, तुझे तेरे लाल बुलाते हैं ।
आ दरश दिखा दे मेरी माँ तुझे तेरे लाल बुलाते हैं ॥

बीच भंवर में नईया पड़ी माँ, आकर तू पार लगादे,
तेरे सिवा माँ कोई नहीं है, आकर तू गले से लगा ले ।
क्यूँ देर लगावे मेरी माँ, तुझे तेरे लाल बुलाते हैं ।
आ दरश दिखा दे मेरी माँ तुझे तेरे लाल बुलाते हैं ॥

डूब रहा है सुख का सूरज, गम की बदरिया है छाई ,
उजड़ गयी बगिया जीवन की, मन की कलि मुरझाई ।
करे विनती ये सेवक माँ, तुझे तेरे लाल बुलाते हैं ।
आ दरश दिखा दे मेरी माँ तुझे तेरे लाल बुलाते हैं ॥

भजन गायक - सौरभ मधुकर
संपर्क - 9831258090

स्वर : सौरभ मधुकर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1525/title/aa-darash-dikha-de-meri-maa-tujhe-tere-laal-bulate-hain-Rani-Sati-Dadi-bhajan-with-Hindi-Lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |